भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2752

उत्तर देने की तारीख-12/08/2026

प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026

2752 **डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:**
श्री केसरीदेवसिंह झाला:
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:
श्री सामिक भट्टाचार्य:
श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई:
श्री लहर सिंह सिरोया:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय संस्थानों में प्रतिष्ठित भारतीय मूल के अनुसंधानकर्ताओं और वैज्ञानिकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री अनुसंधान चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के उद्देश्य और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) इस योजना के अंतर्गत अब तक चिन्हित प्रमुख संस्थानों और मेजबान संस्थानों की संख्या कितनी है तथा इसके तहत कौन-कौन से राष्ट्रीय प्राथमिकता के विषयगत क्षेत्र शामिल किए गए हैं;

(ग) पोर्टल खुलने के बाद से फेलो और मेजबान संस्थानों से कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा चयन के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है; और

(घ) इस योजना के लिए कितना वित्तीय परिव्यय निर्धारित किया गया है और इससे भारत के अनुसंधान एवं नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को किस प्रकार सुदृढ़ किए जाने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): भारत सरकार ने शिक्षा परिदृश्य को बहु-विषयक, समावेशी और शिक्षार्थी-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को तैयार और अनुमोदित किया है। इस नीति का उद्देश्य उच्चतर शिक्षा के प्रमुख घटकों के रूप में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देते हुए सभी के लिए शिक्षा में समानता, गुणवत्ता और पहुंच को बढ़ाना है।

एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुसरण में, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान, परामर्श और संस्थागत क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत की उच्च शिक्षा और अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान अनुभव वाले प्रतिष्ठित भारतीय मूल के शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और व्यावसायिकों को आकर्षित करने और भागीदार बनाने के लिए प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना शुरू की है। इस योजना में तीन श्रेणियों, अर्थात् रिसर्च चेयर, सीनियर फेलो और यंग रिसर्च फेलो के तहत फेलोशिप प्रदान की जाती है।

इस योजना के तहत सात संस्थानों को अग्रणी संस्थानों के रूप में चिन्हित किया गया है। अब तक, फेलोशिप के लिए 3,600 से अधिक आवेदन और मेजबान संस्थानों से 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए पीएमआरसी योजना के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना में उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई), राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों को भारतीय मूल के शोधकर्ताओं तथा वैज्ञानिकों की संरचित भागीदारी से लाभ प्रदान करके अनुसंधान, नवाचार और ज्ञान सृजन के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति की परिकल्पना की गई है। योजना का ब्यौरा, अध्येताओं और मेजबान संस्थानों के लिए पात्रता मानदंड https://pmrc.education.gov.in/. पर उपलब्ध हैं।

*****